मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
निर्वाचन भवन
58, अरेरा हिल्स भोपाल–462011

IPIS (Integrated Poll Information System)
SMS से मतदान दल और मतदान से सम्बंधित सूचनाओं का सम्प्रेषण

पीठासीन अधिकारियों के लिए दिशा निर्देश

1. आपको मतदान सम्बंधी निम्नलिखित जानकारियाँ SMS के माध्यम से भेजना है :–
   i. मतदान दल रवाना होने की सूचना।
   ii. मतदान केन्द्र पर मतदान दल के सकुशल पहुँचने की सूचना।
   iii. मॉकपोल की सूचना।
   iv. नियत अंतराल पर मतदान की जानकारी (लगभग 5 बार)।
   v. मतदान की अंतिम जानकारी।
   vi. मतदान दल के सामग्री संग्रहण केन्द्र पर सकुशल वापस पहुँचने की सूचना।
2. जिन मतदान केन्द्रों पर **केवल पंच का निर्वाचन** हो रहा है, वहाँ के पीठासीन अधिकारियों को SMS के माध्यम से जानकारियाँ भेजने की आवश्यकता नहीं है।
3. SMS करने के लिए आपको अपना मोबाईल नम्बर रिटर्निंग ऑफिसर के पास रजिस्टर्ड कराना होगा। अपने साथ–साथ मतदान दल के किसी एक अन्य सदस्य का भी मोबाईल नम्बर रजिस्टर्ड कराना होगा। इस प्रकार एक मतदान केन्द्र के लिए दो अधिकारियों के मोबाईल नम्बर रजिस्टर्ड होंगे। SMS किसी भी मोबाईल नम्बर से भेजे जा सकते है, लेकिन एक जानकारी के लिए केवल एक SMS करना पर्याप्त होगा।
4. रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा आपका मोबाईल नम्बर रजिस्टर्ड किये जाने पर आपको एक कन्फरमेशन SMS प्राप्त होगा। यदि आपको कन्फरमेशन SMS प्राप्त नहीं हो तो तत्काल रिटर्निंग ऑफिसर की जानकारी में लायें। मतदान केन्द्र के लिए रवाना होने के पूर्व यह सुनिश्चित करें कि IPIS के लिए आपका मोबाईल नम्बर अनिवार्य रूप से रजिस्टर्ड हो जाये।
5. कन्फरमेशन SMS प्राप्त होने के बाद आप रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर से जानकारियाँ SMS के माध्यम से भेज सकते है। SMS एक निश्चित प्रोटोकॉल के तहत् निर्धारित कोडवर्ड से ही किये जा सकेंगे। रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर के अतिरिक्त अन्य किसी भी नम्बर से SMS स्वीकार्य नहीं होंगे। इसी प्रकार निर्धारित कोडवर्ड के अलावा अन्य किसी भी प्रकार का SMS स्वीकार्य नहीं होगा।
6. मतदान से सम्बंधित विभिन्न जानकारियाँ आप निम्नलिखित नम्बरों में से किसी भी एक नम्बर पर भेज सकते है :–

9223166166
अथवा
51969

7. आपको SMS निम्नानुसार प्रोटोकॉल और कोडवर्ड का पालन करते हुए करना है :—

SMS No.	जानकारी	SMS भेजने के लिए कोडवर्ड
1.	मतदान दल के मतदान केन्द्र के लिए रवाना होने पर।	**MP**<Space> **SEC**<Space>**D** उदाहरण के लिए **MP SEC D**
2.	मतदान दल के मतदान केन्द्र पर सकुशल पहुँचने पर।	**MP**<Space> **SEC**<Space>**A** उदाहरण के लिए **MP SEC A**
3.	मतदान केन्द्र पर मॉकपोल सम्पन्न होने पर।	**MP**<Space> **SEC**<Space>**MOC(उपस्थित मतदान अभिकर्त्ताओं की संख्या)** **उदाहरण के लिए** मॉकपोल के समय कोई भी निर्वाचन अभिकर्त्ता उपस्थित नहीं होने पर **MP SEC MOC0** मॉकपोल के समय दो निर्वाचन अभिकर्त्ता उपस्थित होने पर **MP SEC MOC2** मॉकपोल के समय बारह निर्वाचन अभिकर्त्ता उपस्थित होने पर **MP SEC MOC12**

मतदान की जानकारी

मतदान की जानकारी में मतदान करने वाले व्यक्तियों की संख्या दी जाना है। मतदान का प्रतिशत दिये जाने की आवश्यकता नहीं है। मतदान की जानकारी नियत अंतराल पर दी जाना है। पूर्व में 2—2 घण्टे के अंतराल पर प्रातः 9:00 बजे से जानकारी प्राप्त की जाती रही है। यह देखा गया है कि यदि सभी मतदान दल एक ही समय पर SMS करते है तो कुछ SMS प्रोसेस नहीं हो पाते है। अतः आयोग ने SMS के माध्यम से मतदान की जानकारी भेजने के लिए निर्धारित समय में परिवर्तन किया है। अब मतदान की जानकारी SMS से भेजने का समय **मतदान केन्द्र क्रमांक के अंतिम अंक के आधार पर** होगा। समय का निर्धारण निम्नानुसार रहेगा :—

क्रमांक	मतदान केन्द्र क्रमांक का अंतिम अंक	मतदान की जानकारी SMS से भेजने के लिए निर्धारित समय
1	0 और 1	प्रातः 8:40 बजे, प्रातः 10:40 बजे, दोपहर 12:40 बजे, दोपहर 2:40 बजे एवं सायं 4:40* बजे
2.	2 और 3	प्रातः 8:50 बजे, प्रातः 10:50 बजे, दोपहर 12:50 बजे, दोपहर 2:50 बजे एवं सायं 4:50* बजे
3.	4 और 5	प्रातः 9:00 बजे, प्रातः 11:00 बजे, दोपहर 1:00 बजे, दोपहर 3:00 बजे एवं सायं 5:00* बजे
4.	6 और 7	प्रातः 9:10 बजे, प्रातः 11:10 बजे, दोपहर 1:10 बजे, दोपहर 3:10* बजे एवं सायं 4:20* बजे
5.	8 और 9	प्रातः 9:20 बजे, प्रातः 11:20 बजे, दोपहर 1:20 बजे, दोपहर 3:20* बजे एवं सायं 4:30* बजे

* उक्त समय पर SMS केवल नगरीय निकाय निर्वाचन की स्थिति में करना है। पंचायत निर्वाचन की स्थिति में उक्त समय पर SMS आवश्यक नहीं होगा, क्योंकि पंचायत के लिए मतदान का समय 03:00 बजे तक ही रहता है।

SMS No.	जानकारी	SMS भेजने के लिए कोडवर्ड
4.	मतदान की जानकारी।	**MP**<Space>**SEC**<Space>**P**<Space>**M(**मतदान करने वाले पुरूषों की संख्या)<Space>**F**(मतदान करने वाली महिलाओं की संख्या)<Space>**T**(मतदान करने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या) उदाहरण के लिए यदि नियत समय तक पाँच पुरूषों, 15 महिलाओं, एक अन्य, कुल 21 व्यक्तियों द्वारा मतदान किया गया हो तो **MP SEC P M5 F15 T21** यदि नियत समय तक 100 पुरूषों, 90 महिलाओं, 3 अन्य, कुल 193 व्यक्तियों द्वारा मतदान किया गया हो तो **MP SEC P M100 F90 T193**
5.	मतदान की अंतिम जानकारी।	**MP**<Space>**SEC**<Space>**PF**<Space>**M**(मतदान करने वाले पुरूषों की संख्या)<Space>**F**(मतदान करने वाले महिलाओं की संख्या)<Space>**T**(मतदान करने वाले कुल व्यक्तियों की संख्या) उदाहरण के लिए यदि 400 पुरूषों 380 महिलाओं और 10 अन्य कुल 790 व्यक्तियों द्वारा मतदान किया गया हो तो **MP SEC PF M400 F380 T790**
6.	मतदान दल के सामग्री संग्रहण केन्द्र पर सकुशल वापस पहुँचने पर।	**MP**<Space> **SEC**<Space>**R** उदाहरण के लिए **MP SEC R**

—*—*—*—